MEWAR GIRLS COLLEGE

(A Unit of Mewar Education Society)
Sector -5, Gandhi Nagar, Chittorgarh (Raj.) – 312001
Ph. 01472-251101, Fax-01472-251103, E-mail :-mgimt04@yahoo.com

Ref.:-MGC/21-22/ Date :-07.06.2022

:: प्रेसनोट ::

योग गुरु स्वामी परमार्थ देव का योग व्याख्यान

मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज गांधी नगर में आज योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य स्वामी परमार्थ देव जी महाराज का योग व्याख्यान हुआ व उन्होने छात्राओं को सम्बोधित किया। संस्थान अध्यक्ष गोविन्द लाल गदिया ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वामी परमार्थ देव जी महाराज ने पाठिनी अष्टध्यायी से लेकर पतंजली व्याकरण, महाभाष्य, निरूक्त दर्शन, वेद गीता, उपनिषध आदि का अध्ययन स्वामी रामदेव महाराज के सानिध्य में किया व ऋषियोक्त शिक्षा ग्रहण की।

संस्थान निदेशक डॉ. एल.एल. शर्मा ने स्वामी परमार्थ देव जी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राजस्थान प्रान्त अध्यक्ष विनोद पारीक, योग विभाग मेवाड़ विश्वविद्यालय के डीन जयवीर सिंह आर्य व पधारे हुए अन्य पतंजली विद्यापीठ के अतिथि योग ऋषियों का स्वागत किया

स्वामी परमार्थ देव महाराज ने कन्या शिक्षा को सबसे बडी सेवा बताते हुए कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षैत्र में अपना वर्चस्व कायम किया है। उन्होने कहा जहॉं नारी का सम्मान है वह घर स्वर्ग समान होता है क्योकि नारी का जीवन सदैव ही दुसरो के लिए होता है। उन्होने छात्राओं को योग के महत्व को बताते हुए इसे दिनचर्या में आत्मसात करने हेतू व योग से मन,जीवन,वाणी में सयंम व संतुलन बनाते हुए व्यक्तित्व व जीवन निर्माण हेतू प्रेरित किया। उन्होने कहा योग से ही आधि व्याधि का पूर्ण समाधान होता है व योग अनुशासित व मर्यादित जीवन जीने में मददगार होता है। कार्यक्रम में बडी संख्या में छात्राऐ उपस्थित थी व उन्होनें इसका पूर्ण लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन बीएड उपाचार्य डॉ. इन्द्रा बल्दवा ने किया।

सादर प्रकाशनार्थ...

निदेशक